कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर।

शासनादेश संख्या–02/2018/661/सात–न्याय–2018–47/2002 दिनांक 30.01.2018 एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक स0–1324/एसएलएसए 23/2016 दिनांक सितम्बर 07, 2020 के निर्देश के अनुपालन मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के अन्तर्गत स्थायी लोक अदालत हेतु 01 पेशकार एंव स्टेनोग्राफर के पद पर नियुक्तियां की गयी थी, परन्तु उनका कार्यकाल पूर्ण हो चुका है।

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक सं0 1228/एस0एल0एस0ए0–5/2002(पी0एस0) दिनांक अप्रैल 11, 2023 के अनुपालन मे पुनः 03 सदस्यीय कमेटी करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त आदेश के अनुपालन में 02 सदस्यीय चयन समिति को परिवर्तित करते हुये 02 सदस्यीय के स्थान पर 03 सदस्यीय चयन समिति जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कर्मियों के अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय के आधार पर नियुक्ति हेतु गठित की जा चुकी है। स्टेनोग्राफर एवं चपरासी हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे, परन्तु स्टेनोग्राफर एवं चपरासी के पद हेतु कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नही हुआ था। पेशकार के लिये आवेदन प्राप्त हुआ था और चयन समिति के द्वारा पेशकार के पद हेतु चयन किया जा चुका है।

दिनांक 09.06.2023 को पुनः चयन समिति की बैठक हुई एवं स्टेनाग्राफर एवं चपरासी पद के लिये आवेदन पुनः आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया था एवं उसी क्रम में आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसकी अन्तिम तिथि 20.06.2023 थी परन्तु कोई आवेदन उक्त पदों के लिये प्राप्त नही हुये। दिनांक 27.06.2023 को पुनः चयन समिति की बैठक हुई एवं स्टेनोग्राफर एवं चपरासी के पद हेतु आवेदन पुनः आमंत्रित किये गये।

समिति के आदेश दिनांक 27.06.2023 के अनुसार विज्ञप्ति, आवेदन सहित जनपद न्यायालय हमीरपुर, ए0डी0आर0 भवन के सूचना बोर्डों पर चस्पा की गयी तथा जिलाधिकारी, हमीरपुर को सूचनार्थ एवं उक्त की सूचना कलेक्ट्रेट न्यायालय के सूचना बोर्डो पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित किया गया तथा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट एवं जनपद न्यायालय की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि कमेटी द्वारा दिनांक 10.07.2023 निर्धारित की गयी थी। स्टेनोग्राफर के पद हेतु कोई भी आवेदन प्राप्त नही हुआ है। चपरासी के पद हेतु केवल 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार हेतु दिनांक 19/7/23 को स्थाई लोक अदालत/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर में समय 1:30 बजे दिन उपस्थित हों। साक्षात्कार की सूचना हेतु, प्रति सिस्टम ऑफिसर को जनपद न्यायालय हमीरपुर की अधिकारिक वेब साइट एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित की जाये तथा कार्यालय लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आवेदकों को उक्त साक्षात्कार की सूचना, आवेदन में, लिखित आवेदकों के मोबाइल नम्बर कॉल के द्वारा दें। सूचना की प्रति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायालय के सूचना बोर्ड पर भी चस्पा की जाये।

11.7.23	11.07.2023	
सचिव	अध्यक्ष,	जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,	स्थायी लोक अदालत,	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हमीरपुर।	हमीरपुर।	हमीरपुर।
सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष,
चयन समिति	चयन समिति	चयन समिति